Seventeenth Loksabha

an>

Title: Regarding environmental clearance to the Upper Jonk Irrigation Project in Nuapada District, Odisha.

श्री बसंत कुमार पंडा (कालाहाण्डी): मेरे संसदीय क्षेत्र में दोनों जिले कालाहांडी और नुआपड़ा आकांक्षी जिले हैं। इन जिलों में साल दर साल अकाल रहता है। नुआपड़ा जिले में अपर जोंक सिंचाई परियोजना नामक सिचाई हेतु डैम मौजूद है। इसका निर्माण वर्ष 1995 में हुआ है और इसकी ऊंचाई 354.4 मी० रखी गई है, परंतु वज मंजूरी न मिलने के कारण अभी 350.4 मी० तक ही इस डैम मे पानी रखा जाता है। फिलहाल इस परियोजना से खरीफ के मौसम में 9000 हे० और रबी के मौसम में 3500 हे० जमीन की ही सिंचाई की जाती है। यदि 4 मी. अधिक पानी इस डैम में रखने की अनुमति मिल जाए तो करीब 2000 हे० अधिक जमीन में रबी की फसलों में सिंचाई की जा सकती है। इस परियोजना की वन मंजूरी के लिए ओडिशा ने केंद्र सरकार को आवेदन किया हुआ है, माननीय सुप्रीम कोर्ट ने भी इस बाबत आदेश पारित किया हुआ है।

अतः मेरा माननीय मंत्री जी से अनुरोध है कि किसानों के हित एवं विकास को ध्यान में रखते हुए ओडिशा राज्य के नुआपड़ा जिले के अंतर्गत **"अपर जोंक सिंचाई परियोजना"** को पिछले 27 वर्षों से लंबित वन मंजूरी देने का निर्देश दें। इससे मेरे क्षेत्र के गरीब किसानों को सीधे-तौर पर लाभ मिलेगा।